7 OCT 3 2026.qxd 06-10-2026 23:36 Page 1



भगवानका मुकुट पूजन करते श्रीपजावा, श्री पथरचट्टी एवं श्री दारागंज रामलीला कमेटीके पदाधिकारी।

श्रीपजावा, पथरचट्टी-दारागंज रामलीला कमेटीने किया मुकुट पूजन

प्रयागराज में दहशरा उत्सव की तैयारी जोरों से हो रही है। इसी बीच मंगलवार शाम श्री पजावा रामलीला कमेटी, श्री पथरचट्टी रामलीला कमेटी और श्री प्राचीन दारागंज रामलीला कमेटी की ओर से भगवान का मुकुट पूजन के साथ दहशरा महोत्सव का आगाज गया। इस दौरान जय श्री राम के जयघोष से पूरा कमेटी परिसर गुंजायमान हो उठा। इस मौके पर मौजूद श्रद्धालुओं ने भगवान श्री राम सहित तीनों भाइयों एवं अन्य के मुकुट का दर्शन कर पुष्प अर्पित किये।

श्री महंत बाबा हाथीराम पजावा रामलीला कमेटी के तत्वावधान में शाम सात बजे पितृपक्ष की एकादशी पर कमेटी के त्रिपाठी, अनूप सिंह, रवि गुप्ता, अमन त्रिपाठी, अनन्या त्रिपाठी, रोहन पांडेय आदि मौजूद रहे। इसी क्रम में श्री पथरचट्टी रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों ने हीवेट रोड स्थित राम मंदिर में विधि विधान और आस्था के साथ अयोध्या के चारों राजकुमार, राम, भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न के मुकुटों का पूजन

दशहरा महोत्सवका आगाज, जय श्रीरामके जयघोषसे गूंज उठा रामलीला कमेटी परिसर

पदाधिकारियों ने शाहगंज स्थित राम मंदिर में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम-लक्ष्मण, माता सीता, भरत एवं शत्रुघन का स्वर्णिम मुकुट पूजन ११ ब्राह्मणों एवं वेदपाठियों के मंत्र उच्चारण के साथ किया। इस मौके पर पदाधिकारियों ने आरती भी उतारी। नवरात्र के प्रथम दिन से भगवान अपने सिर पर स्वर्णिम मुकुट धारण करेंगे और दशहरा उत्सव का कार्यक्रम भी शुरू हो जायेगा। मुकुट पूजन के दौरान शंखनाद किया गया। चारों तरफ से भक्तों ने पुष्प वर्षा की एवं मंदिर में मौजूद श्रद्धालुओं ने श्रीराम के जयकारे लगाये। मुकुट पूजन समारोह में कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष सुरेश चंद्र टंडन, कोषाध्यक्ष अमिताभ टंडन, वित्त मंत्री सचिन कुमार गुप्ता, राजगद्दी संयोजक मोहन जी टंडन, लीला संयोजक राजेश मल्होत्रा, रवि ओझा, केशव त्रिपाठी, चिंतामणि कमेटी के पुरोहित अविरल पाठक और पं. सुशील पाठक के वैदिक मन्त्रों की ध्वनि के बीच किया। सर्वप्रथम कमेटी के अध्यक्ष पं. मुकेश पाठक और महामंत्री विजय सिंह ने मुकुटों को माला पहनाई एवं पुष्प अर्पित किया! साथ ही देवों का आह्वान कर दसहरा अयोंजन सकुशल, निर्विघ्न सम्पन्न होने की प्रार्थना एवं कामना की। मंदिर प्रांगण में स्थित मां दुर्गा, भगवान शंकर, विघ्नहर्ता गणेश आदि देवों की दोनों यजमानों ने विधिवत पूजा कर सबके मंगल की कामना की। पूजन के बाद पूजित उन चारों मुकुटों को हाथ में लेकर अध्यक्ष पं. मुकेश पाठक, विजय सिंह, कोषाध्यक्ष गिरधारीलाल अग्रवाल और मीडिया प्रभारी लल्लूलाल गुप्त सौरभ बाजा गाजा के साथ एक शोभायात्रा के रूप में बादशाही मंडी पहुंचें, जहां कार्यक्रम का समापन हुआ। इस मौके पर रमेश कुमार जायसवाल, धर्मेन्द्र कुमार भइया जी, सतीशचंद्र केसरवानी, कन्हैया लाल गुप्ता, विजय वैश्य, पं.सुधीर शर्मा, राजीव गुप्त बिट्टू,, राजेश सिंह जड़िया, अंशुमन मालवीय आदि मौजूद रहे। इसी तरह श्री दारागंज रामलीला कमेटी की और बक्सीखुर्द स्थित शृंगार भवन में अध्यक्ष कुल्लू यादव एवं महामंत्री जितेंद्र गौड़ के साथ सभी सदस्यों ने मिलकर पूजन अर्चन किया। सर्वप्रथम कमेटी के पुरोहित पंडित श्रवण कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में ब्राह्मणों ने भगवान के अस्त्र,-शस्त्र, वस्त्र, मुकुटों का पूजन अर्चन कराया और इस दौरान बैंडबाजे की धुन पर राम धुन बजायी गयी। कमेटी के मीडिया प्रभारी तीर्थराज पाण्डेय बच्चा भैया ने बताया कि मुकुट पूजन के साथ शुरू होने वाला यह आयोजन आगामी २५ अक्तूबर को भरत मिलाप के साथ सम्पन्न होगा। सात को इसी स्थान पर आकाशवाणी की लीला रात्रि आठ बजे होगी। इस मौके पर पं. ध्रुव नारायण शुक्ला, कोषाध्यक्ष मुन्ना आजाद, ओम प्रकाश चौधरी, लीला संयोजक पं. सियाराम शास्त्री, उपाध्यक्ष अरविंद कुमार पाण्डेय, राजू, हीरा लाल यादव, विजय सोनकर, राहुल यादव, राबिन पालीवाल, सुनील निषाद, विक्कू निषाद, पंचु यादव, सुरेंद्र गौड़, पवन यादव, कन्हैया चौरसिया सहित सभी काली पात्र एवं सभी रामलीला के पात्र आदि मौजूद रहे।

घरसे दो किशोरियां गायब, नामजद एफआईआर

एयरपोर्ट थाना क्षेत्र में अलग-अलग दो किशोरियां घर से चली गयीं। किशोरियों के परिजनों ने नामजद एफआईआर दर्ज करायी है। एयरपोर्ट पुलिस दोनों की तलाश कर रही है। एयरपोर्ट थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी १७ वर्षीय बेटी को गांव का ही मनीष नाम का युवक अपने साथ लेकर चला गया है। जानकारी होने पर पीड़िता ने काल किया तो नंबर बंद था।

आसपास भी खोजबीन की लेकिन उसका पता नहीं चल सका। अब पुलिस मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश कर रही है। दूसरी घटना एयरपोर्ट थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी १६ वर्षीय बेटी को २६ सितम्बर को उसका सगा साला बहला-फुसलाकर अपने साथ लेकर चला गया हें उसने खोजबीनकी तो जानकारी मिली। एयरपोर्ट पुलिस दोनों मुकदमे दर्ज कर किशोरियों की तलाश कर रही है।

लेखपालोंके कार्य बहिष्कारसे आय, जाति-निवास प्रमाण पत्रकी पेंडिंग ३८००० पार

बीते २२ सितम्बर से प्रदेश के आह्वान पर सभी जिलो के लेखपालों के अतिरिक्त क्षेत्र के हल्के का कार्य बहिष्कार किये जाने से लोगों को समस्याओं का सामना कर पड़ रहा है। प्रयागराज में आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्रों की लगभग ३८९३२१ लंबित हो गया है। लगभग १००० ग्रामों के आय जाति निवास प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहे। जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। तहसील सोरांव में निवास प्रमाण पत्र १४१७, आय प्रमाण पत्र २३४९, जाति प्रमाण पत्र १४५०, तहसील फूलपुर में निवास १०९३, आय २८४५, जाति ११७३, तहसील हंडिया में निवास १४८३, आय २७८९, जाति १६९३, तहसील सदर में निवास ४८२, आय १०२९, जाति ५२६, तहसील करछना में निवास १७६५, आय ३१५६, जाति १८४२, तहसील मेजा में निवास २१४१, आय २८३१, जाति १४९३, तहसील कोराँव में निवास ११४८, आय २१०६, जाति १०५७, तहसील बारा में निवास ८९२, आय १३७० जाति ८११ इस प्रकार कुल ३८९३२१ प्रमाण पत्र केवल जनपद प्रयागराज में लंबित है। इसी प्रकार प्रयागराज में कुल १५०५ वरासत भी प्रयागराज में लंबित हो गई है।

चतुर्मुखी प्रतिभाके धनी थे अशोक सिंघल-चम्पत राय

विहिप के केन्द्रीय उपाध्यक्षने कहा- उनके जीवनके कार्योंको आगे बढ़ानाही उनको सच्ची श्रद्धांजलि, जन्म शताब्दी वर्ष समारोहमें अशोक सिंघलके व्यक्तित्व एवं कृतित्वपर चर्चा

विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय उपाध्यक्ष चंपत राय ने अशोक सिंघल को चर्तुमुखी प्रतिभा का धनी बताया। कहा कि उन्होंने देश में सामाजिक समरसता का संदेश दिया।धर्मान्तरण, गौ माता की रक्षा,हिंदू धर्म संस्कृति के संवर्धन आदि जिन कार्यों को लेकर स्व. श्री सिंघल अपने जीवन में आगे चले, उनको निरन्तर आगे बढ़ाना ही उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी। विश्व हिंदू परिषद काशी प्रांत की ओर से मंगलवार को इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन कन्वेंशन सेंटर में आयोजित अशोक सिंघल जी की जन्म शताब्दी वर्ष उद्घाटन समारोह में विहिप के केंद्रीय उपाध्यक्ष चंपत राय ने बतौर मुख्य वक्ता के रूप में यह विचार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रयागराज अशोक सिंघल की कर्मभूमि रही है।संघ के सरसंघचालक रज्जू भैया से उनके पारिवारिक संबंध थे। मेटालर्जी साइंस से इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने के बाद १९५० से संघ के प्रचारक के रूप में कार्य किया। १९८२ से लेकर २०१५ तक विश्व हिंदू परिषद का कार्य किया। वह चर्तुमुखी प्रतिभा के धनी व्यक्ति थे।उन्होंने जीवन में दो बार इंडिया गेट पर बड़े विराट हिंदू समाज का एकत्रीकरण किया, उसके बाद आज तक इंडिया गेट पर सभा पर रोक लगा दी गई।उनके प्रयास से



धर्म संसद का आयोजन किया गया।अस्पृश्यता जैसी सामाजिक समस्या का जो कार्यक्रम उन्होंने चलाया, उसमें सभी संतो को एकत्र किया। जब पंजाब आतंकवाद की आग जल रहा था, तब उन्होंने हरिद्वार से अमृतसर तक संतों की सद्भावना यात्रा का कार्यक्रम निकालकर समाज को सद्भावना का संदेश दिया।

केन्द्रीय उपाध्यक्ष श्री राय ने कहा कि उन्होंने श्री राम जन्मभूमि स्थल पर शिलान्यास का कार्यक्रम समाज के अनुसूचित व्यक्ति से कराया। इसके अलावा कई बौद्ध सम्मेलन भी आयोजित करवाये।

वह वेदों के प्रति बहुत आस्थावान थे। कहा कि अशोक सिंघल जी अपने जीवन में जिन कार्यों को लेकर आगे बढ़े, वह चाहे धर्मांतरण का विषय हो या गौ माता की रक्षा का विषय हो या हिंदू धर्म संस्कृति के संवर्धन आदि को आगे बढ़ाना ही उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम में महानिर्वाणी अखाड़े के महामंत्री यमुनापुरी ने कहा कि अशोक सिंघल ने त्यागमय और तपोमय जीवन का निर्वाह किया। उन्होंने अयोध्या में राम मंदिन के लिए लोंगो के अन्दर लहर पैदा की।

कार्यक्रम का प्रारंभ भारत माता, राम दरबार एवं अशोक सिंघल की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम में अशोक सिंघल के जीवन के सभी पहलुओं को पर्दे पर दिखाया गया। अध्यक्षता हेला समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बृजमोहन लाल ने की। इस अवसर पर विहिप के प्रांत अध्यक्ष कविंद्र प्रताप सिंह सहित अन्य पदाधिकारी,संत-महात्मा, जनप्रतिनिधि, अधिवक्ता और नगर के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

एटीएम से रुपये निकालने निकला किशोर गायब, तलाश

कैंट थाना क्षेत्र के राजापुर से १४ वर्षीय किशोर अनुरुद्ध संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। वह एटीएम से रुपये निकालने और सब्जी लेने के लिए कमरे से निकला था। इसके बाद वापस नहीं लौटा। काफी तलाश के बाद भी जानकारी नहीं मिलने पर भाई ने कैंट थाने में एफआईआर दर्ज करायी है। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की मदद से उसकी तलाश कर रही है।

फतेहपुर के चांदपुर थाना क्षेत्र के सरहन बुजुर्ग निवासी अनुराग ने पुलिस को बताया कि वह अपने छोटे भाई अनुरुद्ध के साथ राजापुर में रहकर पढ़ाई करता है। अनुरुद्ध क्रीम रंग की टी-शर्ट, ग्रे रंग का लोअर और चप्पल पहन रखी थी। वह नीले रंग का चश्मा लगाए था और हाथ में घड़ी तथा कंधे पर नीले रंग का बैग था। अनुराग के अनुसार, अनुरुद्ध एटीएम से रुपये निकालने और सब्जी लेने गया था। इसके बाद वह कमरे पर नहीं पहुंचा। आसपास और परिचित स्थानों पर तलाश करने के साथ ही संभावित ठिकानों पर जानकारी की गई, लेकिन उसका पता नहीं चला।

अशोक सिंघलकी उंगली पड़कर हमने संघटनका कार्य सीखा-केशव

अशोक सिंघल जन्म शताब्दी वर्ष उद्घाटन समारोह में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि अशोक सिंघल जी की उंगली पकड़कर हमने संघटन का कार्य सीखा। आज ऐसा लगता है कि ईश्वर का कार्य करने के लिए उनका जन्म हुआ था। राम जन्मभूमि में उनका नाम पूरे दुनिया में हुआ, यह ईश्वरीय कार्य ईश्वर ने उनसे करवाया । कहा कि हिंदू समाज में एक जुटता बनाए रखने के अनेक कार्यक्रमों का श्रेय अशोक सिंघल जी को जाता है। डिप्टी सीएम श्री मौर्य ने इशारे में यह भी कहा अशोक सिंघल के तीन संकल्प अयोध्या, मथुरा काशी था। उनमें मथुरा-काशी का संकल्प पूर्ण होने का समय आ गया है। पूरी दुनिया का हिंदू समाज श्री राम जन्मभूमि जैसा ही स्वरूप मथुरा और काशी का चाहता है। देर हो रही है लेकिन अब वह समय आने वाला है, जब सत्य और न्याय की जीत होगी और हिंदू समाज मथुरा और काशी में भव्य स्वरूप मंदिर का दिखेगा। उन्होंने अशोक जी के जीवन के अनेक संस्मरणों को भी सुनाया।

राजसी ठाटसे परिवार संग निकले लंकाधिपति, दिया दर्शन

श्री कटरा रामलीला कमेटीकी ओरसे धूमधामसे निकली रावणकी भव्य शोभायात्रा

श्री कटरा रामलीला कमेटी के तत्वावधान में मंगलवार को प्रयागराज में लंकाधिपति दशानन रावण की भव्य एवं ऐतिहासिक शोभायात्रा अत्यंत हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ निकली। परिवार संग नगर भ्रमण पर निकले लंकेश की शोभयात्रा पर श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा की। श्री कटरा रामलीला



कमेटी की ओर से निकाली जाने वाली रावण की यह शोभायात्रा भारत की सबसे अनूठी सांस्कृतिक एवं पौराणिक परंपराओं में से एक है। शोभायात्रा से पूर्व देर शाम आनन्द भवन के सामने महर्षि भरद्वाज आश्रम में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ रावण की पूजा-अर्चना के पश्चात दशानन की यात्रा शुरू हुई। कमेटी के अध्यक्ष सुधीर कुमार गुप्ता (कक्कू), महामंत्री उमेश चन्द्र केसरवानी, कोषाध्यक्ष अश्वनी केसरवानी, उपाध्यक्ष विनोद केसरवानी, आनन्द अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, मंत्री शिव बाबू गुप्ता, महेश चन्द्र गुप्ता, विपुल मित्तल, कार्यकारणी सदस्य दिलीप चौरसिया एवं मीडिया प्रभारी पवन प्रजापति और व्यवस्थापक आलोक गुप्ता सहित सभी सदस्यों ने आरती की। इस मौके पर फूलपुर के सांसद प्रवीण पटेल, महापौर गणेश केसरवानी, शहर उत्तरी के विधायक हर्ष वर्धन बाजपेई, क्षेत्रीय पार्षद आनंद उर्फ आनू घिल्ड़याल, सोनिका अग्रवाल, अजय यादव आदि लोग मौजूद रहे। दशानन रावण की विशाल शोभायात्रा में महाराज रावण हाथी पर सवार होकर नगर भ्रमण पर निकले। उनके साथ रजत झांकी पर महारानी मंदोदरी, एवं कुलकुटुंब विभिन्न झांकियों पर सवार होकर ढोल-ताशे, बैंड एवं डीजे जिसमे मुख्य आकर्षण का केंद्र जबलपुर से आये विशाल बैण्ड एवं जबलपुर के तहलका धमाल पार्टी और इलाहाबाद की जय मां काली धमाल पार्टी रहे, दशानन रावण की शोभायात्रा महर्षि भारद्वाज मुनि आश्रम से प्रारम्भ होकर कर्नलगंज, नेतराम चौराहा, पानी की टंकी, कचेहरी से पुनः कटरा, नेतराम चौराहा, मनमोहन पार्क होते हुए श्री कटरा रामलीला कमेटी परिसर में पहुंचकर समाप्त हुई।

दो दिवसीय रोजगार महोत्सव अब १७ नवंबरसे

उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अंतर्गत क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय एवं शंभू नाथ ग्रुप आफ इंस्टीट्यूट, झलवा के संयुक्त तत्वाधान में नौ एवं दस अक्तूबर को दो दिवसीय रोजगार महोत्सव २०२६ का आयोजन विधानसभा शहर पश्चिमी में कालेज परिसर में होना प्रस्तावित था।

चुनाव आयोग द्वारा विधान परिषद चुनाव घोषित कर आचार संहिता लागू होने के कारण उक्त दिनांक को होने वाले रोजगार मेला को स्थगित कर १७ एवं १८ को किया जाना प्रस्तावित है।

राहुल और अखिलेश भाजपा के सत्तामें रहनेसे बेचैन -डिप्टी सीएम

डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य में राज्यसभा चुनाव को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि सपा सुप्रीमों अखिलेश यादव ने पहली बार बुद्धिमता और समझदारी का परिचय दिया है, जो कि उन्होंने तीसरा प्रत्याशी नहीं खड़ा किया।चुनाव आयोग के खिलाफ दिल्ली में प्रदर्शन पर उन्होंने विपक्ष को आड़े हाथों लिया। कहा कि राहुल गांधी और अखिलेश यादव भाजपा के सत्ता में बने रहने से बेचैन हैं।

अपने दो दिवसीन दौरे पर प्रयागराज पहुंचे डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने सरकिट हाइस में मीडिया से बातचीत की। कहा कि राज्य सभा चुनाव में अगर अखिलेश यादव तीसरा प्रत्याशी खड़ा करते तो भारतीय जनता पार्टी नौवां प्रत्याशी खड़ा करती। लेकिन अखिलेश यादव ने समझदारी पहली बार दिखाई और तीसरा प्रत्याशी नहीं खड़ा किया।

डिप्टी सीएम केशव मौर्यने कहा- राज्यसभामें तीसरा प्रत्याशी खड़ा न करके अखिलेशने समझदारीका दिया परिचय

डिप्टी ने कहा कि अगर अखिलेश यादव तीसरा प्रत्याशी खड़ा करते तो उसका हारना तय था और बीजेपी का जीतना तय था। राज्यसभा के लिए नामांकन के आखिरी दिन अखिलेश यादव के तीन नहीं बल्कि ४०३ सीटों पर नजर वाले बयान पर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने यह प्रतिक्रिया दी है।चुनाव आयोग के खिलाफ दिल्ली में सपा और कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन और आरोपों पर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि राहुल गांधी और अखिलेश यादव बीजेपी के सत्ता में बने रहने से बेचैन हैं। डिप्टी सीएम ने कहा कि जब सुबह अखिलेश यादव ने तीन नहीं ४०३ की बात कही तो उनकी बात से यह साफ हो गया कि वह २०२२ में भी इसी तरह का दावा कर रहे थे। लेकिन उनकी साइकिल १११ पर अटक गई थी।

डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि इस बार उनकी साइकिल की चैन १०० के नीचे पहुंचने तक उतर जाएगी और सपा का सूपड़ा साफ हो जाएगा।

हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता राधाकांत ओझा को बीजेपी द्वारा राज्यसभा के लिए नामित किए जाने पर भी डिप्टी सीएम ने कहा कि उनका सदन में जाना प्रयागराज के लिए गर्व का विषय है।

शातिरोंने तीससे अधिक खातोंमें भेजी थी रकम, दोकी तलाश

पूर्व सीएमएस से डिजिटल अरेस्ट कर ऐंठे थे १.७८ करोड़ रुपये, पीलीभीत और लखीमपुरमें दबिश

बेली अस्पताल की पूर्व सीएमएस को डिजिटल अरेस्ट कर १.७८ करोड़ रुपये ठगने वाले गिरोह ने रकम को एक-दो नहीं, बल्कि ३० से अधिक बैंक खातों में ट्रांसफर किया था। साइबर पुलिस की जांच में अलग-अलग खातों में रकम भेजे जाने की जानकारी सामने आने के बाद अब पुलिस इन खातों और उनके संचालकों की कड़ियां खंगाल रही है। गिरफ्तार आयुष अवस्थी से पूछताछ के बाद फरार आरोपियों की तलाश में लखीमपुर खीरी, पीलीभीत समेत कई शहरों में दबिश दे रही है।मामले में लखीमपुर खीरी निवासी निशांत त्रिवेदी और पीलीभीत के दुधिया खुर्द बंजरिया निवासी राजन शुक्ला को वांछित किया गया है। दोनों की गिरफ्तारी के लिए साइबर पुलिस की तीन टीमें लगाई गई हैं। पुलिस को आशंका है कि दोनों की गिरफ्तारी के बाद गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों, बैंक खातों और ठगी की रकम के इस्तेमाल से जुड़ी अहम जानकारी सामने आ सकती है। साइबर पुलिस ने लखीमपुर खीरी से आयुष अवस्थी को गिरफ्तार किया था। जांच में सामने आया कि उसकी मैनपावर सप्लाई कंपनी के करंट खाते में भी ठगी की रकम ट्रांसफर की गई थी। पुलिस ने कई खातों की पड़ताल शुरू की तो रकम के लेनदेन की कड़ियां कई अधिक खातों तक पहुंच गईं। अब पुलिस इन खातों में रकम आने और वहां से आगे ट्रांसफर होने की पूरी जानकारी जुटा रही है। किस खाते से कितनी रकम किस खाते में गई और रकम को कहां-कहां खपाया गया, इसकी पड़ताल की जा रही है।

आयुष से पूछताछ में सामने आए तथ्यों के आधार पर पुलिस ने निशांत और राजन की तलाश तेज कर दी है। दोनों के संभावित ठिकानों के अलावा उनसे जुड़े लोगों के यहां भी दबिश दी जा रही है। उत्तराखंड, तमिलनाडु और महाराष्ट्र समेत कई राज्यों से जुड़े खातों में भी रकम ट्रांसफर होने के सुराग मिले हैं। पुलिस की टीमें लखीमपुर खीरी और पीलीभीत के अलावा अन्य शहरों में भी सुराग तलाश रही हैं। साइबर थाना प्रभारी राघवेंद्र सिंह ने बताया कि कई बिंदुओं पर जांच की जा रही है।

मेडिकल चौराहेपर कार रोककर फायरिंग, लाठी-डंडोंसे तोड़ी गाड़ी

एक नामजद एवं १५ अज्ञातपर एफआईआर

एजी ऑफिस के सामने निजी काम से जा रहे प्रतापगढ़ के रंजीत प्रताप सिंह की कार का पीछा कर मेडिकल चौराहे के पास रोकने और फायरिंग करने का आरोप लगाया गया है। तहरीर के मुताबिक, राकेश पांडेय निवासी कमोली वीरभानपुर, बाघराय, प्रतापगढ़ समेत १०-१५ लोगों ने चार पहिया वाहन और बाइक से पीछा किया। मेडिकल चौराहे के पास कार रोककर लाठी-डंडे और लोहे की राड से हमला किया गया। इसी दौरान गोली चलाई गई, जो कार के अगले टायर में लगी। जार्जटाउन पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है। रंजीत ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि हमलावरों ने लाठी-डंडों से कार को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। जान बचाने के लिए वह कार छोड़कर मौके से भाग निकले। घटना २६ सितंबर को दोपहर करीब तीन से साढ़े तीन बजे के बीच की बताई गई है। रंजीत ने पुलिस आयुक्त को दिए प्रार्थना पत्र में कहा है कि घटना स्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में पूरी घटना कैद हुई होगी। फुटेज सुरक्षित कर जांच में शामिल किए जाने की मांग की गई है। आरोप है कि २९ सितंबर को जार्जटाउन थाने में शिकायत देने के बावजूद अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब जार्जटाउन पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है।

५० हजारका इनामी महफूज बिहारसे गिरफ्तार

एसटीएफ बरेली की टीम ने ५० हजार रुपये के इनामी वांछित आरोपित महफूज को बिहार के नालंदा जिले से गिरफ्तार किया है। कोरांव थाने में गोवध निवारण अधिनियम, पशु क्रूरता अधिनियम और शस्त्र अधिनियम के तहत दर्ज मुकदमे में वांछित होने के बाद वह गिरफ्तारी से बचने के लिए इस्लामपुर में छिपकर रह रहा था। एसटीएफ को सूचना मिली कि महफूज इस्लामपुर क्षेत्र में मौजूद है। टीम ने घेराबंदी कर अस्तकी मस्जिद के पास गली से उसे गिरफ्तार कर लिया। महफूज रामपुर जिले के शहजादनगर थाना क्षेत्र के चमरौवा गांव का रहने वाला है। उसके खिलाफ कोरांव थाने में नौ अक्टूबर २०२५ को प्राथमिकी दर्ज हुई थी। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि मुकदमा दर्ज होने के बाद वह गिरफ्तारी से बचने के लिए बिहार के इस्लामपुर में छिपकर रह रहा था। उसके खिलाफ गोहत्या निवारण अधिनियम के तहत पहले भी दो मुकदमे दर्ज हैं। इनमें वर्ष २०१८ में रामपुर के मिलक और वर्ष २०२३ में कुशीनगर के तरया सुजान थाने में दर्ज मुकदमे शामिल हैं। गिरफ्तारी के बाद एसटीएफ ने महफूज को कोरांव पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

नृत्य, संगीत एवं ड्रामाका केंद्र रहा कमेटीका मंच

बैरहना बारवारी दुर्गापूजा कमेटी इस साल अपना शताब्दी वर्ष मना रहा है। इस मंच के जरिए न जाने कितने कवियों, नाटककारों, कथाकारों को अपनी पहचान दी जो देश दुनिया में अपनी कला के जरिए विख्यात हुये। सौ वर्षो के इस गौरवशाली इतिहास को याद कर आज भी कमेटी के अध्यक्ष उमेश माथुर भावुक हो उठते हैं। इसी मोहल्ले में वह पले-बढ़े और इसी मंच पर उन्होंने अपने अभिनय के माध्यम से अमिट छाप छोड़ी। उन्होंने बताया कि न्यू बैरहना इलाहाबाद में ही नहीं बल्कि देश का सांस्कृतिक केंद्र रहा है।

कमेटी का मंच नृत्य, संगीत एवं ड्रामा को वह संगम है, जिसकी ख्याति विदेशों तक पहुंची है। यहां पर महादेवी वर्मा, सुमित्रानंदन पंत्र, महाकवि सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' जैसे कई शख्सियतों ने कवि सम्मेलन एवं मुशायरे का आयोजन किया। इसी मंच पर सितार वादक बनवारी लाल श्रीवास्तव, तबला वादक घनश्याम श्रीवास्तव सहित नामचीन कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का सूरज चारों ओर बिखेरा। लल्ला भइया के नाम से चर्चित नाटककार गणेश प्रसाद श्रीवास्तव 'बर्बाद' को यादकर उमेश माथुर भावुक हो उठे। उन्होंने बताया कि इतिहास पर आधारित न जाने कितने नाटकों के मंचन में उन्होंने अभिनय किया। लल्ला भइया खुद हर किरदार के पहनावे को गढ़ते थे और नाटक को जीवंत स्वरूप देने की कोशिश करते थे। समय बदला तो सबकुछ बदला गया लेकिन मंच आज भी वहीं है। नृत्य, संगीत एवं ड्रामा से लबरेज मंच पर पूर्व की तरह वर्ष भर में होने वाली गतिविधियों में अब कमी आ गयी है लेकिन पांच दिवसीय दुर्गापूजा ने आज भी मंच की कृतज्ञता को संयोज कर रखा है।

'आमेर किला' जैसा दिखेगा बैरहना बारवारी दुर्गापूजा कमेटीका पण्डाल

बैरहना बारवारी दुर्गापूजा कमेटी इस बार शताब्दी वर्ष का दुर्गा पूजा महोत्सव आयोजित कर रही है। इसको देखते हुए महोत्सव का आकर्षण बढ़ाने की तैयारियां

पण्डालमें प्रवेश करते ही होंगे प्रभु श्रीरामके दर्शन

की गई हैं। इसीलिए कमेटी के अध्यक्ष उमेश माथुर एवं महामंत्री दीपक कीर्ति ने अन्य पदाधिकारियों की सहमति से पूजा पंडाल की थीम 'आमेर किला' रखने का निर्णय छह महीने पहले लिया था। आमेर किला जयपुर के पास आरावली की पहाड़ियों पर स्थित है। उसी की तर्ज पर पंडाल बनाया जा रहा है।



कमेटी ने थीम के अनुसार बंगाली टोला स्थित दुर्गा पूजा स्थल पर अगस्त के तीसरे सप्ताह में पंडाल का कार्य शुरू कराया था।

लेकिन बारिश की वजह से अब तक बल्लियों का स्ट्रक्चर ही खड़ा किया जा सका है। किला तैयार करने के लिए गुजरात से प्लास्टिक फाइबर मंगाया गया है और कोलकाता के एक दर्जन कारीगर ४० फीट ऊंचाई का किला बनाने का काम कर रहे हैं। पंडाल का निर्माण रात-दिन कराकर दस अक्तूबर तक पूरा करने की तैयारी की गई है। खास बात है कि मुख्य द्वार पर मां दुर्गा की विशाल प्रतिमा लगवाई जाएगी जबकि पंडाल में प्रवेश करते ही अयोध्या के प्रभु श्रीराम के दर्शन होंगे। दीपक कीर्ति ने बताया कि ११ अक्तूबर को मां दुर्गा की प्रतिमा पंडाल में आ जाएगी।